हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

13 नन्हे-मुन्नों ने सामाजिक सरोकार और देशभक्ति की प्रस्तुतियों से ...



14 एसआईआर पर रोक लगाने और मुख्य चुनाव ...



खबर संक्षेप

रोडवेज भिवानी में 44 अप्रेंटिस पदों पर आवेदन

भिवानी। हरियाणा राज्य परिवहन भिवानी ने विभिन्न ट्रेडों में अप्रेंटिस के 44 पदों पर आवेदन मांगे हैं। लोहारू और तोशाम उपकेंद्रों के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 7 व 8 अक्टूबर 2026 को अप्रेंटिसशिप पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की छायाप्रति, दसवीं की अंकतालिका, आधार कार्ड, जाति प्रमाणपत्र और आईटीआई प्रमाणपत्र की प्रतियां 9 अक्टूबर को 3 बजे तक कार्यालय में जमा करवानी होंगी। दस्तावेजों की जांच 14 अक्टूबर को 9 बजे कार्यशाला, भिवानी में होगी। पदों में फिटर 12, इलेक्ट्रीशियन 9, डीजल मैकेनिक 8, मोटर मैकेनिक व्हीकल 8 समेत अन्य ट्रेड शामिल हैं।

सीबीएलयू ने दिया विशेष मर्सी चांस

भिवानी। चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय (सीबीएलयू) ने सत्रीय व आंतरिक मूल्यांकन में असफल रि-अपीयर विद्यार्थियों को विशेष मर्सी चांस देने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय के अनुसार, यह परीक्षा विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश की पात्रता हासिल करने का अवसर देगी। कुलगुरू प्रो. दीप्ति धर्माणी की मंजूरी से आयोजित होने वाली परीक्षा संबंधित विभाग, महाविद्यालय या संस्थान में होगी। परीक्षा अंकों में सुधार के लिए नहीं होगी। विद्यार्थी को केवल उत्तीर्ण होने के लिए आवश्यक अंक ही अंतिम परिणाम में मिलेंगे। पात्र विद्यार्थियों को निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। परीक्षा के परिणाम 5 अक्टूबर 2026 तक विश्वविद्यालय की परिणाम शाखा में भेजना अनिवार्य है।

सरकारी भाव 2900, बाजरा 2300 में बिकने पर भावांतर में मिलेंगे 600 रुपये

अनाजमंडी में सरकारी खरीद शुरू पहले दिन पहुंचा 580 क्विंटल बाजरा

- मंडी प्रशासन ने किसानों के लिए पुख्ता इंतजाम किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी





भिवानी। बाजरा बिक्री के लिए किसान का गेट पास काटता कर्मचारी और मंडी में ट्राली से बाजरा उतारता किसान। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश में भावांतर भरपाई योजना के तहत एक अक्टूबर गुरुवार से बाजरे की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। सरकार ने इस बार बाजरे का भाव 2900 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। वहीं अगर किसानों को मंडी में इससे कम भाव मिलता है तो सरकार भावांतर के रूप में अंतर की राशि सीधे किसानों के खाते में डालेगी। किसान का बाजरा 2300 रुपये प्रति क्विंटल बिकता हैं तो सरकार भावांतर भरवाई योजना के तहत 600 रुपये प्रति क्विंटल किसान के खाते में डालकर किसान के भाव अंतर एवं नुकसान की भरवाई करेंगी।

प्रदेश सरकार ने बाजरे की सरकारी खरीद एक अक्टूबर से शुरू करने की घोषणा की थी, जिसके तहत गुरुवार एक अक्टूबर से ही मंडियों में बाजरे की सरकारी खरीद शुरू कर दी गई। सुबह से ही मंडियों में बाजरा की आवक शुरू हो गई थी। मार्केट कमेटी के अधिकारियों के अनुसार बाजरे की खरीद के संबंध में सरकार की हिदायतों को पूर्णरुप से पालन किया जा रहा हैं। किसानों को फसल बेचने एवं ठहरने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। मंडियों में बाजरे खरीद शुरू होते ही पहले दिन 580 क्विंटल बाजरा ब्रिकी के लिए पहुंचा। मंडी प्रशासन ने किसानों के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंडी में पीने के पानी, शेड, तुलाई के लिए अतिरिक्त कांटों की व्यवस्था की गई है। मंडी सचिव ने बताया कि वही किसान अपनी फसल बेच पाएगा, जिसने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाया हुआ है। जिन किसानों का पंजीकरण पोर्टल पर है, उन्हें ही गेट पास जारी किया जाएगा। गेट पास के बाद ही उनकी फसल की नमी चेक कर तुलाई की जाएगी और सरकार द्वारा निर्धारित नमी पाए जाने पर ही बाजरा खरीदा जाएगा, अन्यथा किसान को बाजरे की ढेरी को सुखाने के निर्देश दिए जाएंगे। उसके बाद ही किसान का बाजरा खरीदा जाएगा।मंडी प्रशासन ने किसानों को फसल बिक्री के समय किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने देने का आश्वासन दिया हैं। मंडी प्रशासन ने किसानों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की हैं। वहीं मंडी में किसान को बाजरे की ढेरी के लिए साफ सुथरी जगह उपलब्ध करवाने के लिए सफाई का विशेष ध्यान रखा हैं। मंडी में आने वाले किसानों के लिए शौचालय की साफ-सफाई व पानी की व्यवस्था दुरूस्त करवा दी हैं।

मार्केट कमेटी ने किसानों के लिए हेल्प डेस्क लगाया

मार्केट कमेटी ने किसानों की सुविधा एवं समस्याओं को देखते हुए हेल्प डेस्क खोला हैं, जिस पर अनुभवी कर्मचारी बैठे हैं, जो किसान की पंजीकरण, गेटपास सहित अन्य किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मदद करेंगे। अब किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं हैं, सरकार किसान का एक एक बाजरे का दाना खरीदन को प्रतिबद्ध हैं।

कृषि व रिवेन्यू दोनों विभागों से वैरीफिकेशन जरूरी

मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज बाजरे की फसल को लेकर किसानों को बाजरा बेचने की समस्या आ रही हैं, क्योंकि कृषि व रिवेन्यू दोनों विभागों से किसान की दर्ज फसल की वैरीफिकेशन जरूरी हैं। इस संबंध में जिला प्रशासन ने कृषि विभाग व रिवेन्य विभाग को आदेश दिए हैं, कि जल्द से जल्द किसान की फसल की वेरीफिकेशन करें, ताकि किसानों को बाजरा बेचने में कोई दिक्कत न आए। बाजरे की फसल पोर्टल पर बेमेल होने पर किसान को गेट पास जारी नहीं किया जाएगा और न ही उसके नमी जांची जाएगी।

किसान को फसल बेचने में नहीं आने देंगे कोई समस्या

मार्केट कमेटी के सचिव संदीप लोहान ने बताया कि खरीब सीजन 2026-27 की बाजरे की खरीद सरकार की हिदायत एवं घोषणा अनुसार एक अक्टूबर से शुरू कर दी गई हैं। सरकार ने 2900 रुपये भाव निर्धारित किया हैं, इसके चलते किसान का बाजरा 2300 रुपये बिका तो उसे भावांतर भरपाई योजना के तहत 600 रुपये सीधे खाते में भेजे जाएंगे, जो उसके भाव अंतर की भरपाई होगी। मंडी में पहले दिन 580 क्विंटल बाजरा पहुंचा हैं और अभी किसान लेकर आ रहे हैं। मंडी प्रशासन ने अपनी पूरी तैयारी कर ली हैं और किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

एसडीएम ने मंडी में धर्मकांटा और सफाई व्यवस्था जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

- पेयजल व शौचालय की समुचित व्यवस्था रखने तथा बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाने के निर्देश दिए

एसडीएम बाढड़ा आशीष सांगवान ने गुरुवार को बाढ़ड़ा अनाज मंडी का दौरा कर मंडी में किसानों व आढ़तियों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंडी परिसर में धर्मकांटा, शौचालय, बिजली-पानी, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसडीएम ने मंडी में मौजूद आढ़तियों से बाजरा खरीद को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने तथा मंडी में व्यवस्थाएं सुचारू बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मंडी परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने, पेयजल व शौचालय की समुचित व्यवस्था रखने तथा बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने धर्मकांटे की व्यवस्था की भी जानकारी ली और खरीद कार्य से जुड़े कर्मचारियों व आढ़तियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम आशीष सांगवान ने कहा कि फसल खरीद के दौरान किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंडी में आने वाले किसानों की सुविधा के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए और किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जाए।

समाधान शिविर में सेक्टर-23 निवासी ने मुख्य सड़क से अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत रखी

भिवानी। सरकार के निर्देशानुसार गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। डीसी साहिल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्राथमिकता और समयबद्धता के साथ समस्याओं का समाधान करें। नागरिकों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने में अधिकारी या कर्मचारी किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरतें। समाधान शिविर में गांव तिगड़ाना निवासी श्यामबीर ने नाले की सफाई करवाने, नैन्सी ने राजीव गांधी महाविद्यालय की कॉलेज परीक्षा परिणाम से संबंधित, सेक्टर-23 निवासी ताराचंद ने मुख्य सड़क से अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत रखी। इसी प्रकार से स्थानीय वार्ड नंबर 19 निवासी सुरेश, वार्ड नंबर 22 निवासी जरीना, गांव गोलागढ़ निवासी होशियार सिंह, गांव जमालपुर निवासी सुमेर नाथ, गांव ढाणा नरसान निवासी पवन कुमार, गांव बजीना निवासी संजय कुमार तथा निशु ने फैमिली आईडी में त्रुटियों को ठीक करवाने की शिकायत समाधान शिविर में रखी। समाधान शिविर में सीटीएम अनिल कुमार, डिप्टी सीईओ रविंद्र दलाल, डीडीपीओ सोमबीर कादयान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

सीवर सफाई के दौरान कर्मियों की सुरक्षा जरूरी : डीएमसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सफाई कर्मचारियों के पास आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध होना अनिवार्य : हरबीर सिंह

जिला नगर आयुक्त हरबीर सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद स्थित कार्यालय में जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति यानि मैनुअल स्कैवेंजर्स एवं अस्वच्छ शौचालय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरबीर सिंह ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला सांख्यिकी अधिकारी, रेलवे विभाग तथा जिला परिषद सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

डीएमसी ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जिले की सभी नगर पालिकाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों को सीवर में मैनुअल रूप से उतरने की अनुमति न दी जाए। यदि किसी आपात स्थिति में कर्मचारी को कार्य करना पड़े तो उसे पूरी सुरक्षा किट एवं मास्क सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए जाएं। सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए

बैठक में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता ने बताया कि जिले में किसी भी कर्मचारी का मुआवजा शेष नहीं है। सीवर सफाई के दौरान मृत्यु से संबंधित सभी कर्मचारियों का विवरण नमस्ते पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। जिले के विभिन्न डिस्पोजल स्थलों पर जागरूकता बोर्ड भी लगाए गए हैं तथा समय-समय पर लोगों को जागरूक किया जाता है।

जिला नगर आयुक्त ने डॉ. बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य, कोर्ट केस में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 20 अक्टूबर 2023 को दिए गए आदेशों के संदर्भ में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच एवं कार्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएं। सीवर सफाई के दौरान सफाई कर्मचारियों के पास आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध होना अनिवार्य है। सफाई कार्य के दौरान किसी भी कर्मचारी की जान जोखिम में नहीं पडऩी चाहिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

5 को नागरिक अस्पताल में लगेगा सेवा संकल्प अभियान का मेगा कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

- टीबी, एनीमिया और गैर संचारी रोगों (एनसीडी) के बारे में जानकारी दी जाएगी

बवानीखेड़ा नागरिक अस्पताल में सेवा संकल्प अभियान के तहत 5 अक्टूबर को मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप की तैयारियों को लेकर एसएमओ डॉ. राकेश खटक तथा सीएचसी जमालपुर के इंचार्ज डॉ. साहिल कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभियान के दौरान दी जाने वाली सेवाओं और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में 5 अक्टूबर को आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के बारे में स्वास्थ्य कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीकरण 12 सप्ताह से पहले करवाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा लिंगानुपात में सुधार, टीबी, एनीमिया, आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण तथा गैर संचारी रोगों (एनसीडी) से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में भी लोगों को जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 5 अक्टूबर को नागरिक अस्पताल में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मेगा कैंप लगाया जाएगा। कैंप में लोगों को निरोगी हरियाणा, एनसीडी, बीपी और शुगर जांच की जाएगी।

समाधान शिविर में एसडीएम ने किया गली निर्माण समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

- सप्ताह में सोमवार और वीरवार को लगाए जाते हैं समाधान शिविर

तोशाम के एसडीएम संदीप कुमार ने वीरवार को अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली जनहितों से जुड़ी शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निपटारा करें। वें अपने कार्यालय में स्थानीय लक्ष्मीनगर वासियो द्वारा गली निर्माण बारे व अन्य समाधान शिविर में आई शिकायतों का त्वरित समाधान करने बारे अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि उपमंडल स्तर पर लोगों की समस्याओं की सुनवाई करके अधिकारी त्वरित समाधान करके उसकी जानकारी दें। एसडीएम ने कहा कि जनता के लिए प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर जनता, शासन व प्रशासन के लिए सुशासन का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने समाधान शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य जनता की बिजली, पानी, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ी तमाम शिकायतो का मौके पर ही समाधान करना और प्रशासन में पारदर्शिता लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर सप्ताह में सोमवार और वीरवार को आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में राशन कार्ड, पीपीपी में सुधार, जमीनों पर अवैध कब्जा हटवाना, पेयजल सप्लाई, शामिल है। इस अवसर पर डीएसपी दलीप सिंह, सरपंच राजेश तंवर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आज जिले की सभी 312 ग्राम पंचायतों में होगी विशेष ग्राम सभाएं

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा तोशाम में, चांग में डीडीपीओ सोमबीर कादयान उपस्थित रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सेवा संकल्प अभियान के तहत दो अक्टूबर को जिले की सभी 312 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओं में गांवों के समग्र विकास की तस्वीर खींची जाएगी। गांवों में पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, ग्राम पंचायत विकास योजना, गांव को बाल विवाह मुक्त करना और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन व पात्र लोगों को लाभ दिलाने पर होगी विस्तार से चर्चा की जाएगी। डीसी साहिल गुप्ता ने सभी ग्राम पंचायतों के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के साथ-साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। ग्राम सभाओं का समय सुबह 11 बजे और दोपहर बाद दो बजे निर्धारित किया गया है।

डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि महाग्राम पंचायतों में वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष उपस्थिति रहेगी, जिनमें एडीसी दीपक बाबू लाल करवा तोशाम में, बड़सी गुजरान व बड़सी जाटान में रविंद्र दलाल तथा चांग महाग्राम पंचायत में डीडीपीओ सोमबीर कादयान उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार से डीसी ने अलग-अलग विभागों से अधिकारियों व कर्मचारियों की ग्राम सभाओं में ड्यूटी लगाई है। इसके साथ-साथ ग्राम सभा में बिजली, जनस्वास्थ्य, शिक्षा, भू-संरक्षण, बागवानी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि, क्रीड और सौर ऊर्जा आदि जनता से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहेंगे। ग्राम सभा में गांव में पेयजल आपूर्ति की स्थिति, गंदे पानी की निकासी एवं प्रबंधन, अमृत सरोवर से जुड़े कार्य तथा जलभराव अथवा जल निकासी से संबंधित समस्याओं की भी समीक्षा की जाएगी। जल अर्पण अभियान के तहत जल जीवन मिशन के सहयोग से गांव में पेयजल आपूर्ति तथा हर घर जल व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया जाएगा। गांव में स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। सरकारी भवनों के रख-रखाव और ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर दर्ज विकास कार्यों की स्थिति का भी निरीक्षण किया जाएगा। वहीं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पंच, सरपंच, सफाई मित्र, स्वयं सहायता समूह, युवा क्लब, पुस्तकालय, अधिकारी, स्काउट्स एवं गाइड्स, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व गांव के गणमान्य लोगों के साथ स्वच्छता की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। विशेष ग्राम सभा में गांव के समग्र विकास के लिए वीबीजीरामजी योजना के तहत अधिक से अधिक कार्य करवाना, गांव बाल विवाह से पूर्णरूप से मुक्त करना, पीपीपी से आय आदि का सत्यापन होगा।

सामाजिक मुद्दों पर भी ग्राम सभा में चर्चा की जाएगी : डीसी

डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि गांव की उपलब्धियों, सामाजिक पेंशन लाभार्थियों के सत्यापन तथा अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी ग्राम सभा में चर्चा की जाएगी। विशेष ग्राम सभा का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने तथा ग्राम पंचायत विकास योजना की प्रक्रिया पूरी करने के लिए ग्राम सभा में ग्रामीणों के साथ विस्तार से चर्चा की जाएगी।

चार एकड़ में अवैध निर्माणों को किया जमींदोज

अवैध कॉलोनी में दो घंटे चला डीटीपी का बुलडोजर

कोंट रोड पर करीब चार एकड़ में काटी गई है अवैध कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



कई दिनों की सुस्ती के बाद गुरुवार को जिला नगर योजनाकार का अवैध कॉलोनियां के निर्माण पर हथौड़ा चला। डीटीपी के दस्ते ने कोंट रोड पर करीब चार एकड़ में काटी गई अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलवा कर जमींदोज कर दिया। कॉलोनी में आने जाने के लिए तैयार करवाए गए रास्तों को भी जेसीबी की मदद से खोदा गया।

इस दौरान एक बारगी कुछ लोगों ने विरोध किया,लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते उनका विरोध ज्यादा देर तक नहीं चला। उसके बाद डीटीपी विभाग का लगातार बुलडोजर अवैध निर्माण पर चलता रहा। करीब दो घंटे तक डीटीपी विभाग का अभियान जारी रहा। सारा अवैध निर्माण गिराने के बाद ही वहां से डीटीपी की टीम वापस गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार को दस बजे डीटीपी विभाग की टीम बुलडोजर लेकर कोंट रोड पर पहुंची। इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट भूमि संरक्षण अधिकारी मुकेश कुमार यादव, थाना प्रबंधक औद्योगिक क्षेत्र भिवानी तथा हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो थाना भिवानी भी मौजूद रहे। इस दौरान मौजा कोट में भिवानी-दादरी बाईपास के पास स्थित लगभग चार एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी में सात चार दीवारियों, सीमेंट की बाहरी चारदीवारी और एक निर्माण को तोड़ा गया।

प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में न आएं : कॉलोनी में आने व जाने के लिए बनाए गए रास्तों को भी जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। जगह जगह उनमें खाई खोदी गई। ताकि दोबारा इस जगह पर निर्माण न कर सके। जिला नगर योजनाकार जयदीप खरब ने आमजन से अपील की है कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट या मकान न खरीदें और न ही अनधिकृत कॉलोनियों में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में न आएं।

एसडीएम ने उप स्वास्थ्य केंद्र खानक का दौरा कर जांची कई व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



एसडीएम संदीप कुमार ने उपस्वास्थ्य केंद्र खानक का औचक निरीक्षण किया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पेयजल सहित तमाम व्यवस्था की पड़ताल करके चार दीवारी, प्रांगण में लगाए गए पेड़ों की संख्या सहित अन्य जानकारी बारीकी से ली। बता दें कि सरकार ने निगरानी व्यवस्था में बड़ा प्रशासनिक बदलाव करते हुए इसकी कमान प्रशासन को सौंप दी है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर की कमान प्रशासन को सौंपी

नई व्यवस्था के तहत अधिकारियों द्वारा पेयजल व्यवस्था, पानी की टंकियों की सफाई, शौचालयों की स्थिति और परिसर की स्वच्छता, भवन की समग्र स्थिति व उपयोग, चारदीवारी की स्थिति, बिजली कनेक्शन व पंखे/लाइट,भवन की मरम्मत,नवीनीकरण की आवश्यकता, दिव्यांग जनों के लिए रैंप की उपलब्धता, अग्निशमन, सुरक्षा उपकरण की उपलब्धता, स्वच्छता, सफाई व्यवस्था, परिसर, प्रांगण की सफाई, स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई कर्मी की उपलब्धता, कूड़ेदान की उपलब्धता व निस्तारण व्यवस्था, शौचालयों की सफाई की स्थिति,दिव्यांग अनुकूल शौचालय की उपलब्धता, पेयजल सुविधा, पेयजल की गुणवत्ता व नियमित जाँच का रिकॉर्ड, पानी की उपलब्धता आदि की जानकारी ली।

गौरव / रजनी अरोड़ा

बच्चो, हमारे देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गांधी जी के विचार और उनके संदेशों ने सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लोगों को प्रभावित किया। यही वजह है कि अपने देश के अलावा दुनिया के कई देशों में भी महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। दुनिया भर में मौजूद महात्मा गांधी की कुछ प्रतिमाओं के बारे में जानो।

दुनिया के कई देशों में हैं महात्मा गांधी की प्रतिमाएं



लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर स्थित प्रतिमा

बच्चो, महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायक होने के साथ ही, पूरी मानवता और संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत भी रहे हैं। अहिंसा, सत्याग्रह और शांतिपूर्ण प्रतिरोध के उनके विचार पूरी दुनिया में आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवनकाल में थे। कई देशों में स्थापित गांधी जी की प्रतिमाएं इस बात का प्रमाण हैं।

यूनाइटेड किंगडम: हमारे देश में लगभग 200 साल तक शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ गांधी जी ने जीवन भर संघर्ष किया था। उसी देश की राजधानी लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर 2015 में उनकी कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इसकी स्थापना गांधी जी के दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटकर स्वतंत्रता संग्राम शुरू करने की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी। लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर पर भी गांधी जी की प्रतिमा है, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की थी। ये प्रतिमाएं भारत पर शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य पर गांधी जी के प्रभाव को दर्शाने के साथ, ब्रिटेन-भारत के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक भी हैं।

दक्षिण अफ्रीका: दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी को उनके शुरुआती सामाजिक और राजनीतिक संघर्ष के लिए भी जाना जाता है। 1893 में जब गांधी जी प्रिटोरिया की यात्रा कर रहे थे, तब उन्हें पीटरमैरित्जबर्ग स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के डिब्बे से नस्लीय भेदभाव के कारण बाहर निकाल दिया गया था। यह घटना उनके जीवन का एक निर्णायक मोड़ साबित हुई और यहीं से उन्होंने रंगभेद तथा अन्याय के विरुद्ध अहिंसक संघर्ष का मार्ग अपनाया। इसी ऐतिहासिक महत्व के कारण पीटरमैरित्जबर्ग की चर्च स्ट्रीट पर गांधी जी की एक प्रतिमा स्थापित है। इसके अलावा जोहांसबर्ग में भी उनकी एक प्रतिमा है, जो 24 वर्ष की आयु में दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर उत्पीड़ित और वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले युवा गांधी को श्रद्धांजलि देती है। गांधी जी की ये प्रतिमाएं भारत-दक्षिण अफ्रीका के ऐतिहासिक संबंधों की याद दिलाती हैं। साथ ही नेल्सन मंडेला जैसे नेताओं पर गांधी के प्रभाव को भी रेखांकित करती हैं, जिन्होंने रंगभेद के खिलाफ लड़ाई के लिए गांधी जी के अहिंसक प्रतिरोध से प्रेरणा ली थी।



पीटरमैरित्जबर्ग चर्च स्ट्रीट में

संयुक्त राज्य अमेरिका: महात्मा गांधी कभी अमेरिका नहीं गए। लेकिन उस समय के अमेरिकी नागरिकों और मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे नेताओं पर गांधी जी के विचारों का प्रभाव था। भारत के बाद गांधी जी की सबसे अधिक प्रतिमाएं और स्मारक अमेरिका में ही हैं। न्यूयॉर्क के यूनियन स्क्वायर पार्क, सैन फ्रांसिस्को के एंबार्कडेरो क्षेत्र, वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के सामने, अटलांटा, मोंटाना, ह्यूस्टन जैसी कई जगहों पर उनकी प्रतिमाएं स्थापित हैं। ये मूर्तियां गांधी जी के सत्याग्रह और शांतिपूर्ण अहिंसक प्रतिरोध के दर्शन को वैश्विक प्रतीक के रूप में दर्शाती हैं।



वाशिंगटन डीसी में

जापान: परमाणु हमले का दंश झेल चुके जापान के हिरोशिमा शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा 2023 में स्थापित की गई। मोतायासु नदी के किनारे स्थित यह प्रतिमा, दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश देती है। यहां एडोगावा और सुगिनामी वार्ड में भी गांधी जी की प्रतिमाएं हैं। ये प्रतिमाएं भारत-जापान के बीच दोस्ती और सद्भावना का प्रतीक हैं।

अन्य देशों में भी हैं प्रतिमाएं: स्विट्जरलैंड के जिनेवा में गांधी जी की प्रतिमा शांति के प्रतीक के रूप में खड़ी है। ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में ग्लीबे पार्क में गांधी जी की कांस्य प्रतिमा उनके मार्गदर्शक सिद्धांतों को दर्शाती है। इसी तरह कनाडा के टोरंटो शहर के पीस पार्क, स्पेन के मैड्रिड, अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स, रूस के मॉस्को, मॉरीशस के मोका शहर में स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के पास पैरामाटा के जुबली पार्क, दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित योनसे विश्वविद्यालय में भी गांधी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक केंद्र में 2018 में एक प्रतिमा स्थापित की गई जो युवा पीढ़ी को गांधी जी के मूल्यों से सीख लेने के लिए प्रेरित करती है। *



कैनबरा का ग्लीबे पार्क में

कई अर्ध-प्रतिमाएं भी हैं स्थापित

विभिन्न देशों में गांधी जी की अर्ध-प्रतिमाएं (छाती से ऊपर) भी स्थापित हैं। ये अर्ध-प्रतिमाएं अधिकतर दूतावास परिसर, विश्वविद्यालय कैंपस, संग्रहालय या अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के भीतर सार्वजनिक स्थानों में स्थापित की गई हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानो-



- लंदन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के लंदन मुख्यालय में गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर एक अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई है।
- दक्षिण अफ्रीका के पीटरमैरित्जबर्ग रेलवे स्टेशन में (जहां से गांधी जी को ट्रेन के प्रथम श्रेणी के कोच से उतारा गया था) गांधीजी की दोतरफा अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई हैं।
- कनाडा के मैनिटोबा शहर के कैनेडियन म्यूजियम फॉर ह्यूमन राइट्स और क्यूबेक सिटी की पार्लियामेंट के सामने।
- नीदरलैंड्स, द हेग के हॉब्बेमाप्लाइन में।
- साइप्रस में संसद भवन के पास भी ऐसी प्रतिमा है।
- न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में।
- बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में भी ऐसी प्रतिमा है।

आओ याद करें महात्मा गांधी के साथ लाल बहादुर शास्त्री को भी



ज्ञानवार्ता

वसीम अहमद नगरामी

कल विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर के लिए विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को कुछ-न-कुछ बोलने-सुनाने के लिए कहा गया था। इसलिए अनहद और अंकिता समारोह की तैयारियों में व्यस्त थे। लेकिन वे सोच नहीं पा रहे थे, आखिर तैयारी किस ढंग से की जाए, आइडिया कहां से लिया जाए? थोड़ा सोचने के बाद उनके दिमाग में आया कि सबसे अच्छी जानकारी तो दादी जी से ही मिल सकती है। अनहद और अंकिता तुरंत दादी के कमरे में जा पहुंचे।



अनहद ने बताया, 'दादी, कल गांधी जयंती है। हमारे स्कूल में कल इसे धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के जाने-माने लोग भी आएंगे। ऐसे में हम लोगों को कुछ ना कुछ बोलने के लिए अच्छी तैयारी करके आने को कहा गया है, लेकिन दादी हम लोग कैसी तैयारी करके जाएं, कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है।' दादी मुस्कुरा कर बोलीं, 'बस इतनी सी बात है, आओ बैठो मैं बताती हूं। तुम दोनों गौर से मेरी बातें सुनो। इस जानकारी के आधार पर चाहे निबंध, चाहे कविता रच लेना, कोई भाषण या फिर कोई और प्रेरक कथा लिख लेना।' दादी की यह बात सुनकर अनहद और अंकिता की खुशी का ठिकाना न रहा। दोनों दादी के समीप बैठ गए। उन्होंने महात्मा गांधी के बाल्यकाल से लेकर बैरिस्ट्री की पढ़ाई तक जानकारी दी। भारत की आजादी के लिए किए गए उनके संघर्षों की जानकारी दी। इससे जुड़ी प्रेरक कथाएं बताईं। जिसे सुनकर अनहद और अंकिता बहुत भाव-विह्वल हुए। दादी का गला दास्तान सुनाते-सुनाते कई बार भर्रा गया था। उन्होंने यह भी बताया, 'महात्मा गांधी की तरह ही, इसी दिन एक और महापुरुष लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनाई जाती है। शास्त्री जी में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उनमें स्वाभिमान, समर्पण, सादगी, ईमानदारी के गुण थे। बहुत छोटी उम्र में उन्हें ही देश की चिंता सताने लगी थी। शीघ्र ही वे नरम दल के प्रभाव में आए और गांधी जी से प्रेरित होकर उनके अनुयायी हो गए। जब वे देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने तब भी उन्होंने ईमानदारी, सच्चाई और सादगी का दामन नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कभी अपने परिवार को यह आभास नहीं होने दिया कि वे एक साधारण इंसान से ऊपर हैं। जहां गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया, वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा बुलंद कर देश के किसानों और जवानों दोनों का हौंसला बढ़ाया। देश में अकाल के समय में जहां अन्न की कमी नहीं होने दी, वहीं पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय जवानों में जोश भर कर देश की सीमाओं की सुरक्षा को भी चाक-चौबंद बनाए रखा।' दादी द्वारा दी गई जानकारी को खूब अच्छे से सुनकर अनहद ने जहां एक ओजपूर्ण भाषण तैयार किया, वहीं अंकिता ने एक नन्ही-सी कविता रची। अगले दिन सुबह दोनों विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। दोनों ने विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह में हिस्सा लिया। अनहद को उसके ओजस्वी भाषण के लिए जहां प्रथम पुरस्कार मिला, वहीं अंकिता को उसकी गांधी-शास्त्री जयंती पर आधारित कविता के लिए भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अनहद और अंकिता के दादा-दादी भी दर्शक-दीर्घा में मौजूद थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

मजेदार कल्पनाओं भरे गीत

बच्चो, डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री के 25 शिशु गीतों की नई किताब प्रकाशित हुई है। 'नन्हे-मुन्ने गीत हमारे' शीर्षक से प्रकाशित इस शिशु गीत संग्रह को रचनाकार ने अपने गुरुदेव बाल साहित्यकार संत कुमार बाजपेई को समर्पित किया है।



संग्रह की भोली और नटखट कविताओं को पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। छोटे-छोटे गीतों की मजेदार कल्पनाएं बड़ी अनूठी हैं। जैसे- 'भालूजी' कविता में भालू गरम जलेबी खाता है। 'पक्का दोस्त' कविता में टमाटर-मटर में लड़ाई होती है और आलू उनका बचाव करता है। 'बंदर जी' में एडमिशन के बाद बंदर सबसे दोस्ती करता है और अपने टिफिन से दोस्तों को खिलाता भी है। ऐसे ही कविता 'धूप' बहुत ही रोचक है, जिसमें सर्दी के मौसम में मॉल से झोला भर-भर धूप लाने की गजब कल्पना है। 'लेनी पड़ी दवाई' कविता में सूरज दादा को खांसी-जुकाम के कारण दवा खानी पड़ती है।

ऐसे ही कुछ कविताओं में नटखट सवाल और शिकायतें भी हैं। जैसे 'आसमान में तारे' कविता में जिज्ञासा भरा सवाल है कि आसमान के तारे दिन में कहां खो जाते हैं और क्या फिर उनके मम्मी-पापा भी उन्हें खोजने जाते होंगे? 'ठीक नहीं मनमानी' शीर्षक कविता में सूरज से मनमानी करने पर गुस्से भरी रिक्वेस्ट भी है।

संग्रह में 'मेरे दादू', 'रेल', 'गांव', 'बनूंगा सैनिक', 'मम्मी जी', 'तितली रानी', 'फूल', 'बाल ले गया कौआ' जैसे शिशु गीत भी बहुत रोचक-मनोरंजक हैं।

किताब का आकर्षक रंगीन कवर और कविताओं के साथ बने ब्लैक एंड व्हाइट चित्र भी तुम्हें खूब पसंद आएंगे। *

किताब: नन्हे-मुन्ने गीत हमारे (शिशु गीत संग्रह), **रचनाकार:** डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** नमन प्रकाशन, लखनऊ

कहानी

सरस्वती रमेश

2 अक्टूबर को रिमझिम और सरगम को स्कूल नहीं जाना था, पापा ने कहा कि हम गांधी जयंती घर पर मनाएंगे। बच्चे चौंके, घर में कैसे गांधी जयंती मनाएंगे! लेकिन घर पर गांधी जयंती मनाई गई। है तो जरूर यह चौंकाने वाली बात, पर बच्चों ने अपने पापा-मम्मी के साथ घर में गांधी जयंती मनाई, गांधी जी के आदर्शों के अनुरूप।

घर पर गांधी जयंती!



पापा, 2 अक्टूबर को हमारी छुट्टी है। हम कहीं घूमने चलें?' रिमझिम ने उत्साह से पूछा।

'क्यों?' 2 अक्टूबर को तो गांधी जयंती है। तुम्हारे स्कूल में गांधी जयंती नहीं मनाई जाएगी क्या?' पापा ने पूछा।

'वह तो 1 अक्टूबर को ही मना लेंगे। फिर 2 अक्टूबर को तो छुट्टी है!' रिमझिम ने बताया।

'तो ठीक है, 2 अक्टूबर को हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे।' पापा बोले।

'घर पर..! लेकिन गांधी जयंती घर पर कैसे मनाएंगे?' सरगम ने आश्चर्य से पूछा, 'गांधी जयंती पर तो भाषण होते हैं और भी कई कार्यक्रम होते हैं।'

पापा मुस्कुराए, 'गांधी जयंती मनाने के और भी तरीके हैं।'

'क्या..?' दोनों बहनें एक साथ बोलीं।

पापा ने कुछ कहने के लिए मुंह खोला ही था, मम्मी उन्हें देखकर मुस्करा दीं। पापा समझ गए चुप रहना है, सो वह चुप रहे।

अगली सुबह घर में देर तक सन्नाटा रहा। छुट्टी का दिन जो था। पापा, मम्मी, रिमझिम और सरगम देर से उठे। लेकिन उठते ही दोनों बहनों की नजर घर में इधर-उधर पड़ी चीजों पर पड़ी। रसोई में बर्तन फैले थे। झाड़ू ना लगने से घर बहुत गंदा लग रहा था। यह सब देखर दोनों बहनों की नींद गायब ही हो गई।

'ओह! घर की तो हालत ही खराब है!' रिमझिम बोली।

मम्मी ने कहा, 'आज ज्योति आंटी छुट्टी पर हैं। इसलिए हमें अपना काम खुद ही करना होगा।'

'लेकिन हम कैसे करेंगे?' सरगम तुरंत बोली, 'ये तो ज्योति आंटी का काम है।'

मम्मी बोलीं, 'तो क्या आज घर का काम नहीं होगा? सामान इसी तरह बिखरा रहेगा। साफ-सफाई नहीं होगी?'

दोनों बहनें चुप।

'चलो, पहले बर्तन धो लेती हूं। उसके बाद सब मिलकर घर साफ करेंगे।' मम्मी दोनों बेटियों के कंधे पर प्यार से हाथ रखते हुए बोलीं।

'लेकिन मुझे तो बहुत भूख लगी है।' सरगम ने पेट पर हाथ रखते हुए कहा।

'मुझे भी!' रिमझिम बोली।

पापा झट से झाड़ू उठा लाए, बोले, 'भई, मैं तो भूखा नहीं रह सकता। मैं अपना कमरा साफ करता हूं। ताकि तुम्हारी मम्मी खाना बना सकें।'

पापा को झाड़ू लगाते देखकर दोनों बहनें एक-दूसरे का मुंह देखने लगीं। आखिरकार सरगम धीरे से बोली, 'चलो, हम भी सफाई करते हैं।'

दोनों अपने कमरे में पहुंचीं। पहले उन्होंने बिखरे कपड़े समेटे, फिर अलमारी ठीक की। कुछ देर बाद सरगम के हाथ में झाड़ू थी और रिमझिम पोंछा लगाने लगी।

उधर मम्मी रसोई संभाल रही थीं। पापा कपड़े धोने में जुट गए थे। कुछ ही देर में घर में बिखरा सारा सामान व्यवस्थित ढंग से लग गया।

'देखो, मेरा कमरा कितना साफ हो गया!' रिमझिम खुशी से चिल्लाई।

'और देखो, मैंने सारे कपड़े तह करके रख दिए!' सरगम ने अपनी अलमारी दिखाते हुए कहा।

अब दोनों बहनें मम्मी के पास जा पहुंचीं।

'मम्मी, हम आपकी मदद करें?' दोनों ने एक स्वर में पूछा।

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'क्यों नहीं!'

दोपहर तक घर चमकने लगा था। सब थक चुके थे, लेकिन आज खाने की मेज पर बैठते ही सबके चेहरों पर अलग ही खुशी थी। 'आज खाना कुछ ज्यादा स्वादिष्ट लग रहा है।' पापा ने कहा।

'क्योंकि आज भूख भी ज्यादा लगी है!' सरगम हंसते हुए बोली।

सब हंस पड़े।

खाने के बाद सबने थोड़ी देर आराम किया। शाम को सभी आंगन में बैठे। रिमझिम ने अचानक पापा से पूछा, 'पापा, आपने कहा था न कि हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे। लेकिन हमने तो न कोई भाषण दिया, न कोई कार्यक्रम किया फिर गांधी जयंती कैसे मनाई?'

पापा ने मम्मी की ओर देखा। वह मुस्कुराते हुए बोलीं, 'आज हमने वही किया, जो गांधीजी हमें सिखाते थे।'

'क्या?' दोनों बहनों ने पूछा।

'अपने काम को छोटा न समझना और अपना काम खुद करना। ज्योति आंटी हमारी सहायता के लिए हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम अपने काम से पूरी तरह मुंह मोड़ लें। गांधीजी किसी काम को छोटा नहीं समझते थे। अपने काम के लिए किसी पर निर्भर भी नहीं रहते थे।' मम्मी बोलीं। 'किसी महान व्यक्ति को याद करने का सबसे अच्छा तरीका केवल उनके बारे में बोलना नहीं, बल्कि उनकी अच्छी सीख को अपने जीवन में उतारना भी है।' पापा ने कहा।

दोनों बहनें चुपचाप एक-दूसरे को देखने लगीं। सरगम बोली, 'मतलब, आज हमने गांधीजी के बारे में सिर्फ बात नहीं की, बल्कि उनकी एक सीख पर अमल भी किया?'

'बिल्कुल!' पापा बोले।

रिमझिम के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

'तो पापा, अगले साल गांधी जयंती पर घूमने नहीं जाएंगे?' रिमझिम ने पूछा।

'क्यों?' पापा ने पूछा।

'पहले घर की सफाई करेंगे, फिर घूमने जाएंगे!' मम्मी बोलीं।

इस बात पर सब जोर से हंस पड़े। *

कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



दिन दो अक्टूबर का आया!

एक नहीं दो नेताओं की
मीठी-मीठी यादें लाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
लाठी और लंगोटी वाले
राष्ट्रपिता वह तो थे गांधी,
जो दुनिया भर में ले आए
सत्य-अहिंसा वाली आंधी।
नहीं तोप-बंदूक चलाई
पर भारत आजाद कराया।
दिन दो अक्टूबर का आया!
और दूसरे लाल बहादुर
शान बने भारत महान की,
जिसने बुलवाई जन-जन से
जय जवान की, जय किसान की।
रहे सादगी से जीवन भर
दोनों जन की याद दिलाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
हम सब काम करें उन जैसे
यह संकल्प आज दोहराएं,
आम आदमी खुश हो जिसमें
सुंदर, स्वस्थ समाज बनाएं!
तभी सार्थक होगा सपना
जो था पहले गया सजाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!

जीके क्विज-225

1. महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
2. महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत किस वर्ष लौटे थे?
3. गांधी जी अपना राजनीतिक गुरु किसे मानते थे?
4. महात्मा गांधी की पत्नी का नाम क्या था?
5. महात्मा गांधी का स्मारक कहां स्थित है?
6. गांधी जी को सबसे पहले 'महात्मा' किसने कहा था?
7. गांधी जी ने गुजरात में कौन-सा आश्रम स्थापित किया था?
8. प्रधानमंत्री के रूप में लाल बहादुर शास्त्री का क्रम क्या था?
9. एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कौन-सा पदक जीता है?
10. एशियन गेम्स 2026 में मीराबाई चानू ने किस खेल में सिल्वर मेडल जीता है?



बच्चो, जीके क्विज-225 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-224 का उत्तर : 1. अभिषेक शर्मा, 2. अनंत नाग, 3. ओडिशा, 4. एलेना रायबाकिना, 5. चीता, 6. मुंबई, 7. क्लीमेंट एटली, 8. हीरा, 9. हाइड्रोजन, 10. शक संवत

जीके क्विज-224 का सही उत्तर देने वाले : समायरा-रायपुर, षडानन-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, ज्योति-राजनांदगांव, हर्ष-रोहतक, कविता-कटनी, दिशा-महासमुंद, सुमन-बलौदा बाजार, कल्पेश-रायपुर, जयंत-बिलसपुर

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में सात अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर: 1. गांधी जी की कमर पर पड़ी लंगोटी का रंग अलग है। 2. गांधी जी के जबड़े पर दाढ़ी नहीं है। 3. मेज का रंग अलग है। 4. पीठ पीछे पर बनी डेस्क की आकृति अलग डिजाइन की है। 5. दिए की लौ गायब है। 6. पीछे दिख रही खिड़की का दरवाजा दूसरी तरफ है। 7. पीछे रखे घड़े की मौजूदगी अलग डिजाइन की है।

एक जैसा चित्र खोजो

बच्चो, यहां बाईं तरफ महात्मा गांधी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। दाईं तरफ उससे मिलते-जुलते 4 चित्र दिए गए हैं। तुम ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चार चित्रों में से कौन-सा चित्र बाईं तरफ वाले चित्र से हू-ब-हू मिलता है।



उत्तर: D

खबर संक्षेप



दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में विशेष कार्यक्रम करवाया

भिवानी। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी के प्रांगण में प्राचार्या डॉक्टर निर्मला नीतू के मार्गदर्शन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के उपलक्ष में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा दसवीं के विद्यार्थी मुकुल ने व कक्षा तीसरी के छात्र शौर्य ने गांधी जयंती के अवसर पर अपने अमूल्य विचार व्यक्त किए। कक्षा दसवीं के छात्र किंशु व यथार्थ ने प्रेरक सुविचार प्रस्तुत किए।



छात्रा दिव्यांशी को हवाई भ्रमण की टिकट सौंपी

तोशाम। कैरू के आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन बंगालिया ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा में प्रदेश स्तर पर टॉप कर इतिहास रचने वाली होनहार छात्रा दिव्यांशी के परिवार को निशुल्क भारत भ्रमण के लिए हवाई यात्रा की टिकटें सौंपी। चेयरमैन ने बताया कि आदर्श संस्थान की परंपरा है कि बोर्ड टॉपर को हवाई यात्रा से भारत भ्रमण करवाया जाता है, लेकिन इस बार संस्था ने नया उदाहरण पेश किया है। दिव्यांशी की मेहनत को देखते हुए संस्था ने फैसला किया कि इस खुशी में उसके परिवार को भी शामिल किया जाए। इसलिए दिव्यांशी अपने माता-पिता के साथ दिल्ली एयरपोर्ट से अपनी पहली हवाई उड़ान भरकर भारत भ्रमण के लिए रवाना हुई।

गांधी एवं शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

चरखी दादरी। बी.आर. शिक्षण संस्था द्वारा संचालित इंटरनेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बिरही कलां में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को दोनों महान नेताओं के जीवन, संघर्ष, विचारों एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रार्थना सभा में दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई।

विद्यार्थियों ने स्वच्छता का संदेश दिया

भिवानी। स्वच्छता हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। यह महज एक जिम्मेदारी ही नहीं अपितु एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य भी है। विद्यार्थियों ने आज पंडित नेकीराम शर्मा पुस्तकालय परिसर में उत्साह पूर्वक श्रमदान किया। उक्त विचार आज प्रधानाचार्या कमला गुरेजा ने अपने संबोधन में व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या कमला गुरेजा एवं पूनम तंवर, मनजीत शर्मा, पवन सुमन अश्विनी शर्मा, अर्पणा अत्री ने भी विद्यार्थियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में अपना योगदान देने के साथ - साथ नेकीराम शर्मा पार्क में पौधारोपण करके प्रकृति संरक्षण का भी संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने गांधी जी द्वारा चलाए गए विभिन्न आंदोलनों तथा मैला प्रथा जैसी समस्या को समाप्त करना और उनके आदर्शों को याद करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन के अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन की आदत और संस्कार बनाना चाहिए ।

बीके. विद्यालय में गांधी व शास्त्री जयंती मनाई

बवानीखेड़ा। बीके वमावि, में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती से मनाई गई। प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा, वरिष्ठ विभाग प्रमुख योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक एवं सदन प्रभारियों ने लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

राइजिंग स्टार्स कॉन्वेंट स्कूल में मनाया फाउंडर्स डे

नन्हे-मुन्नों ने सामाजिक सरोकार और देशभक्ति की प्रस्तुतियों से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शहर की प्रमुख शिक्षण संस्थान राइजिंग स्टार्स कॉन्वेंट स्कूल में गुरुवार को वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा के प्रमुख शिक्षाविद एवं राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित दीवान चंद रहेजा थे। समारोह में स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत की सांस्कृतिक विविधता, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और देशभक्ति से जुड़े रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से 'जल बचाओ', 'स्वच्छ भारत', 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

स्कूल की निदेशक प्रेमलता नरूला ने कहा की स्कूल का हर बच्चा आगे बढ़े इसके लिए विशेष तौर पर सभी बच्चो को मंच पर लाया गया है। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण शहीद-ए-आजम भगत सिंह और शहीद सुखदेव के जीवन एवं बलिदान को समर्पित प्रस्तुति रही। नन्हे कलाकारों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को भावपूर्ण ढंग से याद किया। बच्चों ने भारत के विभिन्न राज्यों की लोक-संस्कृति, वेशभूषा और परंपराओं को भी अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच पर जीवंत किया। रंग-बिरंगी वेशभूषा, संगीत, नृत्य और आत्मविश्वास से भरी बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। समारोह के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, अभिभावकों एवं सभी गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया। फाउंडर्स डे समारोह ने बच्चों की प्रतिभा, भारतीय संस्कृति, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रप्रेम का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। इस मौके पर रजनीश नरूला, मनीषा नरूला व अरुणा नरूला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



भिवानी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती देते प्रतिभागी।



भिवानी। प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए।



भिवानी। वार्षिक पारितोषिक समारोह में सम्मानित करते हुए।

बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल ने 39वां वार्षिकोत्सव मनाया

बहल। बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल का 39वां वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रादेशिक भाषाओं और संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। संस्थान द्वारा खेल, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सैनिक स्कूल रेवाड़ी के प्राचार्य कैप्टन आईएन ब्रज किशोर कार्यक्रम के मुखातिथिव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआरसीएम शिक्षण समिति के चेयरमैन हरिकिशन चौधरी ने की।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवाओं एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। राजनारायण तिवारी बेस्ट टीचर अवॉर्ड गणित अध्यापक संदीप कुरीया को व श्रवण कुमार बेस्ट टीचर अवॉर्ड एकेडमिक कोऑर्डिनेटर रामकिशन शर्मा को प्रदान किया गया। विद्यालय में दस वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों एवं शिक्षकों को लॉन्ग सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

- राजनारायण तिवारी बेस्ट टीचर अवॉर्ड गणित अध्यापक संदीप कुरीया को दिया गया

वाटरशेड विकास सुधारों को गांव-गांव तक पहुंचाने की पहल

भिवानी। तकनीकी विशेषज्ञ डॉ महाबीर सांगवान ने बताया कि हरियाणा सरकार भारत सरकार के सहयोग से 'रिफॉर्म उत्सव' के माध्यम से नागरिक-केंद्रित वाटरशेड विकास सुधारों को ग्रामीण समुदायों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता, जनभागीदारी और सामुदायिक स्वामित्व को बढ़ावा देना है, ताकि वाटरशेड विकास को केवल सरकारी कार्यक्रम न रखकर जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा सके। 'सबकी योजना, सबका विकास' के साथ इस पहल को जन योजना अभियान के साथ एकीकृत किया गया है।

38 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त पर पंप ऑपरेटर राजेंद्र ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिस दिन हम सरकारी सेवा में प्रवेश करते हैं, उसी दिन हमारी सेवानिवृत्ति की तिथि भी तय हो जाती है। इसी शाश्वत सत्य के साथ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पिछले 38 वर्षों से निष्ठापूर्वक अपनी सेवाएं दे रहे कृष्णा कॉलोनी निवासी राजेंद्र तनेजा पंप ऑपरेटर के पद से सेवानिवृत्त हो गए। अपनी इस लंबी और यादगार सेवा यात्रा के अंतिम दिन उन्होंने बापोड़ा जलघर परिसर में पौधा लगाकर समाज को पर्यावरण संरक्षण का एक अनूठा और प्रेरणादायी संदेश दिया ।हाल ही में जन स्वास्थ्य विभाग मंडल एक भिवानी के अंतर्गत आने वाले बापोड़ा जलघर में कार्यरत रहे राजेंद्र तनेजा ने 30 सितंबर को अपनी लंबी और सफल पारी को विराम दिया। लगभग चार दशकों तक विभाग में रहते हुए उन्होंने पूरी लगन, मेहनत और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनके सेवानिवृत्ति समारोह में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों और सहकर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

उप मंडल अभियंता गिरीश और कनिष्ठ अभियंता बिजेश कुमार जावला ने राजेंद्र तनेजा के कार्यकाल की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि राजेंद्र तनेजा एक अत्यंत ईमानदार, कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी रहे हैं।



डीसी ने किया लोगों से सहयोग का आह्वान

भिवानी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) का क्षेत्र संकार्य प्रभाग (एफओडी) वर्ष 1950 से परिवारों एवं प्रतिष्ठानों से विभिन्न प्रकार की सांख्यिकीय सूचनाएं एकत्र करने का कार्य कर रहा है। इन सूचनाओं का उपयोग राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर योजना निर्माण तथा नीतियों के निर्धारण में किया जाता है। डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि एनएसओ द्वारा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण, प्रवासन सर्वेक्षण, राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण, ऋण एवं निवेश सर्वेक्षण, स्थिति आकलन सर्वेक्षण तथा गैर-निगमित क्षेत्र के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण सहित विभिन्न सर्वेक्षण किए जा रहे हैं।

200 से अधिक कैडेट्स ने स्वच्छता का संदेश देकर स्वच्छ परिसर का संकल्प लिया



भिवानी। वैश्य महाविद्यालय भिवानी में एनसीसी इकाई द्वारा एक दिवसीय स्वच्छता शिविर एवं जागरूकता अभियान का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल के नेतृत्व एवं एन सी सी इकाई के अधिकारियों कंपनी कमांडर कैप्टन डॉ. अनिल तंवर,लेफ्टिनेंट डॉ. रीना एवं एनसीसी अधिकारी डॉ. मनीष कुमार के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। इसमें एनसीसी के 200 से अधिक कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।स्वच्छता जागरूकता रैली को रवाना करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कैडेट्स को संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छता स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन का आधार है। स्वच्छ शरीर, स्वच्छ परिवेश और सकारात्मक विचार एक स्वस्थ समाज के निर्माण की पहली सीढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल आसपास की गंदगी दूर करने का नाम नहीं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। इस अवसर पर कंपनी कमांडर कैप्टन डॉ.अनिल तंवर ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल अनुशासन और नेतृत्व का प्रशिक्षण देने वाला संगठन नहीं, बल्कि युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना विकसित करने का माध्यम भी है।

जहां स्वार्थ कम और समर्पण अधिक होगा, वहां रिश्ते मजबूत होंगे: तेजभूषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

श्रीमती मनोहरी देवी मैमोरियल ट्रस्ट एवं लिटिल हार्ट्स ग्रुप ऑफ स्कूल भिवानी द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा में महारास का दिव्य प्रसंग, भगवान श्रीकृष्ण का मथुरा गमन, भक्तवत्सल भगवान द्वारा कुब्जा पर कृपा, कंस वध तथा भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी जी के विवाह का प्रसंग श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

रुक्मिणी विवाह के अवसर पर कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया और श्रद्धालुओं ने धूमधाम से विवाह उत्सव मनाया। भागवत मर्मज्ञ तेजभूषण शास्त्री ने महारास प्रसंग की व्याख्या करते हुए कहा कि महारास को सांसारिक दृष्टि से नहीं, बल्कि जीव और परमात्मा के बीच के दिव्य प्रेम के रूप में समझना चाहिए।

गोपियों का प्रेम किसी सांसारिक प्राप्ति की इच्छा से प्रेरित नहीं था, बल्कि वह ऐसा निष्काम प्रेम था जिसमें अपना सुख भी भगवान के चरणों में समर्पित हो जाता है। भागवत मर्मज्ञ तेजभूषण शास्त्री जी ने उद्धव-गोपी संवाद की अत्यंत भावपूर्ण व्याख्या करते हुए कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण को पाने के लिए कोई साधना, ज्ञान या ऐश्वर्य का प्रदर्शन नहीं किया, उन्होंने अपने संपूर्ण अस्तित्व को ही प्रेम में समर्पित कर दिया।



भिवानी। आयोजित मदभागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालु।

विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, सत्य और धर्म का मार्ग अपनाने का संदेश देती है भागवत कथा

श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में भागवत कथा के चौथे दिन धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का पावन प्रसंग सुनाया गया। यह सात दिवसीय दिव्य कथा 4 अक्तूबर तक प्रतिदिन सायं 3 बजे से 6 बजे तक आयोजित की जा रही है।

कथा व्यास श्रीश्री 1008 साध्वी करूणा गिरी महाराज के मुखारविंद से बह रही ज्ञानगंगा में गोता लगाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंच रहे हैं। कथा के चौथे दिन जैसे ही साध्वी करूणा गिरी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का वर्णन शुरू किया, पूरा मंदिर परिसर नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर नृत्य किया और एक-दूसरे को बधाई दी।



भागवत कथा सुनने से नष्ट होते हैं पाप

अपने प्रवचनों में साध्वी करूणा गिरी महाराज ने कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म, अत्याचार और असुरक्षा बढ़ती है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना और भक्तों के कल्याण के लिए अवतार लेते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, सत्य और धर्म का मार्ग कभी नहीं छोडना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने मात्र से मनुष्य के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन में सकारात्मकता एवं शांति का संचार होता है। कथा के सफल आयोजन में हुकमपुरिया परिवार का विशेष योगदान है। मुख्य आयोजक राजेंद्र अग्रवाल एवं दिनेश अग्रवाल ने बताया कि धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के लिए इस कथा का आयोजन किया गया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर 4 अक्तूबर तक चलने वाली इस अमर कथा का श्रवण करें और पुण्य के भागी बनें। इस अवसर पर रामदेव तायल, अधिवक्ता सुरेंद्र जैन, विजय किशन धारेडू, सुभाष जैन, राजेंद्र प्रसाद गर्ग, विनोद श्योराण, नत्थुराम केडिया, पूर्व सरपंच देवराज तोशामिया सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

गांव जमालपुर में अन्नप्राशन संस्कार करवाए



बवानीखेड़ा। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा के नेतृत्व में गांव जमालपुर में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुनीत सुपरवाइजर के मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया गया। इस अवसर पर गोद भराई एवं अन्नप्राशन संस्कार करवाए गए तथा महिलाओं द्वारा रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी सहायिकाओं एवं आशा वर्करों को उनके सराहनीय कार्य एवं सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गांव के गणमान्य व्यक्ति ऋषि सोनी, राम कुमार यादव और राजकुमार धानक भी उपस्थित रहे।

भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन



चरखी दादरी। श्रीकृष्ण लीला कमेटी के तत्वावधान में पुराना बस स्टैंड परिसर में चल रही श्रीकृष्ण रासलीला के तीसरे दिन वृंदावन से पधारे मुकेश चंद्र तिवारी (ठाकुरजी) की मंडली द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं कालिया नाग मर्दन का भावपूर्ण, मार्मिक और संदेशात्मक मंचन किया गया। लीला के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के साहस, करुणा और लोककल्याण की भावना ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उधर भगवान श्रीकृष्ण और कालिया नाग के बीच भयंकर युद्ध हुआ। अंततः श्रीकृष्ण कालिया नाग के फनों पर चढ़कर नृत्य करने लगे।

बहल में पोषण और स्वच्छता का लिया संकल्प

भिवानी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आकांक्षी ब्लॉक बहल में 3 अक्टूबर तक आंगन मिलन सेवा संकल्प अभियान के तहत सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर विशेष जागरूकता, पोषण एवं जनभागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा के निर्देशानुसार शुरू किए गए इस त्रिदिवसीय अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, विभाग द्वारा दी जाने वाली योजनाओं की विस्तार से जानकारी, स्वच्छता और प्रारंभिक बाल विकास को सुदृढ़ बनाना है। अभियान के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों को सामुदायिक संवाद के जीवंत मंच के रूप में विकसित किया जा रहा है। केंद्रों पर गोद भराई, अन्नप्राशन संस्कार, बच्चों की वृद्धि निगरानी, स्वास्थ्य जांच और माताओं के साथ विशेष संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास अधिकारी किरण का कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और पोषण स्तर को बेहतर बनाने के लिए परिवार तथा समुदाय की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है।

सेवा सेतु कैंप:एसडीएम ने किया निरीक्षण



भिवानी। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को बीडीपीओ कार्यालय परिसर सिवानी में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। एसडीएम विजया मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कैंप में स्टालों का अवलोकन किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। कैंप में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर नागरिकों को सरकारी सेवाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। एसडीएम ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों के अवलोकन के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

तीन और चार को नाटक का मंचन होगा

भिवानी। सेवा संकल्प अभियान के तीन और चार अक्टूबर को जिले के विभिन्न स्थानों पर नाटक मंचन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलाकारों द्वारा नागरिकों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सामाजिक बुराईयों को मिटाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। डीसी साहिल गुप्ता के बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत तीन अक्टूबर को सुबह 11 बजे गांव मिरान, जुई, लोहानी, मुंढाल बस स्टैंड तथा पहाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में नमो सेवा गाथा व अनकही कहानियों के किस्से सुनाएं जाएंगे। इसी प्रकार से दोपहर 2 बजे सिवानी के बिश्नोई मोहल्ला मंदिर, लेघां, शहीद गुलाब सिंह पार्क बवानी खेड़ा, सोहांसड़ा तथा बरडू जोगी में कार्यक्रम होंगे। शाम चार बजे गांव कैरू, सिवानी का वार्ड नंबर 16, जमालपुर, कुशलपुरा तथा बहल के रामलीला ग्राउंड में नाटक-नुक्कड़ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि चार अक्टूबर को सुबह 11 बजे मुख्य चौक ईश्वरवाल, मधमाधवी, मिलकपुर बस स्टैंड, प्रेम नगर तथा सेक्टर-13 में कार्यक्रम होंगे। इसी प्रकार से दोपहर 2 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अजीतपुर, गुजरानी, कृष्णा कॉलोनी, माता मंदिर देवसर तथा सुरेंद्र सिंह मेमोरियल पार्क तोशाम में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

विद्यार्थियो ने पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाया

भिवानी। सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर परिषद भिवानी एवं केआर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा शहर में प्लास्टिक/पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाया गया। जागरूकता रैली में नप व विद्यार्थियों ने 'प्लास्टिक छोड़ो-प्रकृति जोड़ो' थीम के साथ 'स्वच्छ भारत-हरित भारत' के नारों के माध्यम से आमजन एवं व्यापारियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने आमजन एवं व्यापारियों से पॉलिथीन का प्रयोग पूरी तरह बंद कर पर्यावरण संरक्षण के अभियान को जन आंदोलन बनाने की अपील की। जागरूकता रैली में नगर परिषद व विद्यार्थियों ने लोगों से प्लास्टिक/पॉलिथीन का उपयोग बंद करने तथा इसके स्थान पर कपड़े और जूट से बने थैलों का इस्तेमाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का कम से कम उपयोग कर ही शहर को स्वच्छ एवं पर्यावरण को सुरक्षित बनाया जा सकता है। अभियान के दौरान लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और हरित पर्यावरण के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया



बवानीखेड़ा। नगर पालिका द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। नपा अध्यक्ष सुंदर अत्री की अध्यक्षता में मुख्य बाजार में आयोजित इस अभियान के दौरान दुकानदारों एवं आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। अभियान में बी.के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी अपनी एक टुकड़ी के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने नगर पालिका की टीम के साथ मुख्य बाजार में लोगों को प्लास्टिक का उपयोग न करने और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में की सफाई

भिवानी। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान कर परिसर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त की। उल्लेखनीय है कि सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने परिसर में सफाई अभियान चलाया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने यहां पर घास-फूस को साफ किया।

नाटकों व पोस्टरों से जीवंत किए महापुरुषों के विचार



चरखी दादरी। नेहरू हाई स्कूल में निदेशक जिले सिंह यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नाटकों और सांस्कृतिक मंचन के माध्यम से दोनों महान विभूतियों के जीवन, उनके उच्च आदर्शों और देश की स्वतंत्रता व प्रगति में दिए गए अतुलनीय योगदान को जीवंत कर दिया।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

एसआईआर पर रोक लगाने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश को हटाने की मांग





भिवानी। लघु सचिवालय परिसर के बाहर प्रदर्शन करते माकपा के पदाधिकारी व सदस्य। नायब तहसीलदार गौरव कुमार को ज्ञापन सौंपते माकपा पदाधिकारी व सदस्य।

चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वोट के संवैधानिक अधिकार की रक्षा एवं चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने की मांग को लेकर सीपीआई (एम) जिला कमेटी भिवानी ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन लेने के लिए नायब तहसीलदार गौरव कुमार रजोरा पहुंचे। इससे पहले पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर मताधिकार की रक्षा की मांग की।

प्रदर्शन की अध्यक्षता पार्टी सचिव मंडल सदस्य करतार ग्रेवाल ने की। पार्टी जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश, सचिव मण्डल सदस्य सुखदेव पालुवास व जिला कमेटी सदस्य मास्टर वजीर सिंह ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत प्रत्येक वयस्क नागरिक को मतदान का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर उठे गंभीर सवालों ने इस संवैधानिक अधिकार को लेकर चिंता पैदा की है। रिपोर्ट अनुसार चुनाव आयोग के भीतर दो चुनाव आयुक्तों द्वारा मतदाता नाम जोड़ने-हटाने, फार्म-6 में बदलाव तथा मतदाता डेटा के केंद्रीकरण सहित कई मुद्दों पर दर्ज आपत्तियों का खुलासा किया गया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान आम मतदाताओं से अनावश्यक दस्तावेज और शर्तें मांगना व पात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटना गंभीर चिंता का विषय है। पार्टी ने आरोप लगाया कि इससे बड़ी संख्या में पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित होती है। ज्ञापन में एसआईआर प्रक्रिया तत्काल रोकने, काटे पात्र मतदाताओं के नाम बहाल करने, प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकता पड़ने पर पुनः चुनाव कराने, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा चुनाव आयोग को अधिक निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने की मांग की गई।

13 करोड़ मतदाताओं के नाम बहाल करने की मांग की



भिवानी। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से जनतांत्रिक नियमों और मानदंडों का उल्लंघन करने के दोषी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल बर्खास्त करने तथा संपूर्ण एसआईआर प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला लोकल सचिव कामरेड राजकुमार बासिया ने कहा कि रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि तीन में से दो चुनाव आयुक्तों ने एसआईआर के विभिन्न पहलुओं पर अपनी आपत्तियां दर्ज कराई थी। इसके बावजूद मौजूदा कानून का उल्लंघन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सत्ताधारी दल के पक्ष में एकतरफा फैसले लिए। उन्होंने इसे देश की जनतांत्रिक संस्थाओं पर सीधा फासीवादी हमला करार देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त की तत्काल बर्खास्तगी, एसआईआर प्रक्रिया को रोकने और मतदाता सूची से हटाए गए 13 करोड़ मतदाताओं के नाम बहाल करने की मांग की। कामरेड राजकुमार बासिया ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता को समाप्त करना और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से खिलवाड़ करना सीधे तौर पर देश के आम नागरिकों और मजदूर वर्ग के बुनियादी अधिकारों पर प्रहार है। यदि चुनाव आयोग जैसी संस्थाएं एकतरफा निर्णय लेने लगेंगी, तो आम जनता का लोकतंत्र से विश्वास उठ जाएगा। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) इस दमनकारी नीति का कड़ा विरोध करती है।

शिक्षक पात्रता परीक्षा एक्ट वापस लेने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी द्वारा राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष जंगबीर कासनिया व जिला प्रधान राजेश कालुवास के नेतृत्व में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार जिंदल को मांगपत्र सौंपा। संगठन ने सरकार से शिक्षक पात्रता परीक्षा एक्ट वापस करने की मांग की हैं।

वहीं प्राथमिक स्कूलों, शिक्षकों, छात्रों को लेकर स्थानीय मुद्दों के मांगपत्र का निपटारा करने के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनय जिंदल ने संबंधित कार्यालय स्टॉफ तुरन्त संज्ञान लेकर पूरा करने की बात की। संगठन के जिला प्रधान राजेश कालुवास ने कहा कि संगठन सदस्य एकजुट होकर शिक्षकों, छात्रों व स्कूलों की समस्याओं का निपटारा करवाने के लिए हमेशा सार्थक प्रयास करते रहेंगे। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में सुनील रोहिल्ला, राजकुमार वर्मा, पवन भारद्वाज, सुदेश शर्मा, नरेश लडवाल, कुलदीप रोहिल्ला, प्रदीप बेडवाल व मदनलाल यादव आदि मौजूद रहे।



भिवानी। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक।

बंदरों से निजात दिलाने की प्रक्रिया जारीः हरबीर

भिवानी। जिला नगर आयुक्त हरबीर सिंह ने बताया कि नगर परिषद भिवानी द्वारा शहर में आवारा कुत्तों की सेंट्रलाइजेशन व वैक्सीनेशन का कार्य एजेंसी के माध्यम से करवाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर आतंकी बंदरों से निजात दिलाने की प्रक्रिया भी चल रही है। जिला नगर आयुक्त हरबीर ने बताया कि संबंधित एजेंसी द्वारा अब तक लगभग 3500 कुत्तों की नसबंदी व वैक्सीनेशन का कार्य पूर्ण कर दिया गया है।

आवारा कुत्तों की शिकायत से संबंधित मोबाइल नंबर 8199089999 जारी किया हुआ है, जिस पर सूचना दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद भिवानी द्वारा शहर में आतंकी बंदरों को पकड़ने हेतु टेंडर आमंत्रित किए गए हैं।

गेहूं व चने के समर्थन मूल्य में 0.96 प्रतिशत बढोतरी किसानों से मजाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी कमेटी के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश व जिला सचिव मास्टर जगरोशन जिले में सूखे की स्थिति से अवगत करवाने, विशेष गिरदवारी, क्षति पूर्ति पोर्टल खुलवाने व मंडियों में समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद की मांग को लेकर उपायुक्त साहिल गुप्ता से मिले और वर्तमान स्थिति से अवगत करवाया। उपायुक्त ने शीघ्र ही इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। दोनों नेताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार ने रबी सीजन 2026-27 की फसलो के समर्थन मूल्य की घोषणा की है, जिसमे गेंहू के समर्थन मूल्य मे मामूली 25 रुपये किवंटल की बढ़ोतरी की गई है।

उन्होंने बताया कि पिछले साल के समर्थन मूल्य 2585 रुपये क्विंटल पर की गई मात्र 0.96 प्रतिशत बढोतरी किसानों से भद्दा मजाक है, क्योंकि पिछले एक साल में भारत में अगस्त 2026 तक खुदरा महंगाई दर अगस्त 2025 की तुलना मे बढ़कर 4.82 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 30 सितंबर को रबी सीजन 2027-28 के लिए फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की है, जिसमे प्रति क्विंटल गेंहू का समर्थन मूल्य 2610 रुपये, जौ का 2286 रूपये, चने का 5958 रूपये, मंसूर का 7390 रूपये, सरसो का 6613 रूपये और सैफफलावर (कुसुम) 7215 रूपये तय किया है।

दिल्ली में 12 दिसंबर को होगी कर्मचारी आक्रोश रैली, सकसं ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली कर्मचारी आक्रोश रैली को लेकर सर्व कर्मचारी संघ ने कमर कस ली है। संघ के जिला प्रधान सुमेर सिंह आर्य और जिला सचिव धर्मबीर भाटी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि टेट छंटनी ग्रस्त अब कच्चे नहीं रहेंगे, हम पुरानी पेंशन और नया वेतन आयोग लेकर रहेंगे।

उन्होंने कहा कि नवउदारीकरण की नीतियों के कारण सरकारी महकमों में नियमित नौकरियों के स्थान पर अनुबंध, आउटसोर्सिंग और हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) जैसी व्यवस्थाओं को थोपा जा रहा है, जिससे न केवल कर्मचारियों के अधिकारों का हनन हो रहा है। जिला प्रधान सुमेर सिंह आर्य ने कहा कि सभी कच्चे कर्मचारियों और शिक्षकों को नियमित किया जाए तथा दो वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों के लिए स्पष्ट नीति बने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को तुरंत प्रभाव से भंग किया जाए।

तीन चरणों में चलेगा अभियान

भाटी ने बताया कि दिल्ली रैली की सफलता के लिए प्रदेशभर में तीन चरणों का अभियान चलाया जाएगा। पहला चरण 1 से 10 अक्टूबर तक होगा, जिसमें जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कन्वेंशन होंगी। इसी कड़ी में भिवानी में 3 अक्टूबर को बड़चौक स्थित कार्यालय में जिला कन्वेंशन होगी, जिसमें राज्य उपप्रधान नरेंद्र दिनोद और राज्य कमेटी सदस्य सुशील देवी भाग लेंगी। वहीं दूसरा चरण 11 अक्टूबर से 6 नवंबर तक होगा, जिसमें ब्लॉक स्तर पर बैठकें, जनसंपर्क, हैंडबिल वितरण और चंदा संग्रह किया जाएगा। वही तीसरा चरण 7 नवंबर से 7 दिसंबर तक गैर-यूनियन वाले दफ्तरों जैसे तहसील, एसडीएम कार्यालयों और थानों में व्यक्तिगत संपर्क होगा। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि हरियाणा से न्यूनतम 500 बसें दिल्ली कूच करेंगी, जिसमें भिवानी जिले से 30 बसें शामिल होंगी।

श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा चार से

भिवानी। जैन चौक स्थित गोस्वामी लालदास मंदिर में पितृ पक्ष पर 4 अक्टूबर से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। लालदास मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव गणपतराय जसूजा ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ 4 अक्टूबर रविवार को प्रातः 10 बजे कलशयात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं श्रद्धालु मंगल कलश धारण कर सम्मिलित होंगे। विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ कलश पूजन कर उन्हें मंदिर प्रांगण में स्थापित किया जाएगा।

चुनाव आयोग के बयान ने खोली इंडी गठबंधन की पोल

सभी संवैधानिक संस्थाओं से बिना शर्त माफी मांगे कांग्रेस नेतृत्वः विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता विनोद चावला ने विपक्ष और कांग्रेस पार्टी पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि चुनाव आयोग की हालिया बैठक और उसके बाद जारी किए गए संयुक्त प्रेस नोट से स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो चुकी है। कांग्रेस और विपक्षी इंडी गठबंधन द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम और मनगढ़ंत कहानियों का प्रोपेगेंडा अब ध्वस्त हो गया है।

उन्होंने कहा कि जब भी विपक्ष जनता के दरबार में चुनाव हारता है, वह अपनी बौखलाहट और हताशा मिटाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं पर बेबुनियाद आरोप लगाने लगता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्तों डॉ. एस. एस. संधू एवं डॉ. विवेक जोशी के संयुक्त बयान ने विपक्ष के झूठे दावों की हवा निकाल दी है। चावला ने बताया कि देश भर में संचालित एसआईआर सहित सभी महत्वपूर्ण फैसले आयोग द्वारा पूर्ण सर्वसम्मति से लिए गए हैं। 24 जून 2025 के मूल आदेश से लेकर समय-सारणी तक, सभी निर्णय पूरे आयोग की सहमति से हुए थे।

संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करना कांग्रेस की पुरानी आदत



भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करना कांग्रेस और राहुल गांधी की पुरानी आदत रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में ईवीएम को ब्लैक बॉक्स कहना, 2019 में राफेल मामले में चौकीदार चोर है बयान पर सुप्रीम कोर्ट से अवमानना नोटिस के बाद बिना शर्त माफी मांगना और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय न्यायपालिका की साख पर सवाल उठाना इसके प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इतना ही नहीं कैग जैसी संस्था की रिपोर्ट को खारिज करना तथा सेना की सर्जिकल स्ट्राइक पर खून की दलाली जैसे शब्द इस्तेमाल करना, बालाकोट एयरस्ट्राइक के सबूत मांगना व तवांग झड़प पर सेना का मनोबल गिराने वाले बयान देना इनकी सेना और देशविरोधी मानसिकता को दर्शाता है। चावला ने कहा कि जनता इस बात से अच्छी तरह परिचित है कि देश में संपन्न हुए सभी चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी हैं। चुनाव आयोग द्वारा दिए गए इस आधिकारिक और सर्वसम्मत स्पष्टीकरण के बाद अब भ्रम फैलाने की राजनीति खत्म हो जानी चाहिए। अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश के लोकतंत्र और संवैधानिक ढांचे को चोट पहुंचाने वाले कांग्रेस नेतृत्व को तुरंत आगे आकर सभी संवैधानिक संस्थाओं माफी मांगनी चाहिए।

स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी पर पाखंड खंडन सम्मेलन आज, स्वामी आर्यवेश होंगे मुख्य वक्ता

भिवानी। आर्य समाज की ओर से नई अनाजमंडी के नजदीक तिकोना पार्क में 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर तक स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय भव्य पाखंड खंडन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करेंगे। उनके साथ देश भर से पधारे प्रमुख आचार्य और संन्यासी विभिन्न सत्रों में समाज को वैदिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। सम्मेलन के उद्देश्य और रूपरेखा को लेकर संयोजक बाबूलाल आर्य ने बताया कि वर्तमान समय में समाज में पाखंड और अंधविश्वास का बोलबाला तेजी से बढ़ रहा है। इसी अंधविश्वास का लाभ उठाकर तथाकथित और स्वयंभू संतसमाज में जहर घोलने का काम करते हैं ।

शिविर में 41 युवाओं ने रक्तदान किया

कैंसर मरीजों की जीवन रक्षा के लिए आगे आए युवावर्ग : डूडेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला प्रशासन और जिला रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में उपायुक्त साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में विश्व स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में रोहतक रोड पर आईसीएस सेंटर के पास स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट व वंशिका फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में युवाओं ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाया। शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ रक्तदान के प्रति व्यापक जन-जागरूकता देखने को मिली।



भिवानी। रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते रक्तवीर राजेश डूडेजा।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 90 लोगों के स्वास्थ्य एवं रक्त की निःशुल्क जांच की गई।

शिविर में कुल 41 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया, जिनमें से 30 युवकों ने जीवन में पहली बार रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल कायम की। शिविर के माध्यम से न केवल जिला रक्तकोष में रक्त की उपलब्धता बढ़ी, बल्कि आमजन तक स्वास्थ्य सुरक्षा का सकारात्मक संदेश भी पहुंचा।

रक्तदान अवश्य करें

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने या अपनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, शादी की सालगिरह और महापुरुषों की जयंती जैसे विशेष अवसरों पर रक्तदान अवश्य करें। कार्यक्रम के समापन पर रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदीप कटारिया, हर्ष कौशिक, नरेंद्र तंवर, पुलकित, अनुज,साहिल, मेहताब व बिजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

अध्यापक संघ आज जिला मुख्यालय पर करेगा अनशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण में व्यक्तिगत सुनवाई पर संघ का एतराज

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ खंड भिवानी ने अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण के लिए शिक्षा विभाग द्वारा अपनाई जा रही व्यक्तिगत सुनवाई की प्रक्रिया पर कड़ा एतराज जताया है।

संघ का कहना है कि सरकार और विभाग न्यायालय के फैसलों पर दोबारा सुनवाई के नाम पर अतिथि अध्यापकों को परेशान करना बंद करें। इस मुद्दे के साथ ही टेट अनिवार्यता और स्कूलों के विलय जैसे विषयों को लेकर संघ 2 अक्टूबर को जिला मुख्यालयों पर अनशन करेगा। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ खंड भिवानी के प्रधान संजय गौरीपुर, सचिव लाजपत जाखड़ ने कहा कि 24 सितंबर को शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और निदेशकों के साथ बैठक में जिन बिंदुओं पर सहमति बनी थी, विभाग की वर्तमान कार्यशैली उससे बिल्कुल अलग दिख रही है। खंड कमेटी के सदस्य सतीश ने कहा कि टेट की अनिवार्यता और स्कूल मर्जर के विरोध में दो अक्टूबर को जिला मुख्यालयों पर अनशन किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए काई रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

स्टाफ की कमी और पदोन्नति की मांग को लेकर उठाई आवाज

बिजली कर्मचारियों ने अधीक्षक अभियंता से की मुलाकात

■ स्टाफ की कमी के कारण पुराने कर्मचारियों पर पड़ रहा अतिरिक्त बोझ : मनोज बल्लू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता जितेंद्र ढुल से मिला। सर्कल सचिव मनोज बल्लू बामला के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत निगम में कर्मचारियों को आ रही विभिन्न व्यावहारिक परेशानियों और स्टाफ की कमी को लेकर मांग पत्र सौंपा तथा उनके शीघ्र समाधान की मांग की। मुलाकात के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने विशेष रूप से नए बनने वाले बिजली घरों में कर्मचारियों की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस मौके पर बल्लू बामला ने कहा कि क्षेत्र में नए बिजली घर तो बनाए जा रहे हैं, लेकिन उनमें पर्याप्त संख्या में नए कर्मचारियों की तैनाती नहीं की जा रही है। नवनिर्मित बिजली घरों का संचालन भी पुराने कर्मचारियों के भरोसे छोड़ा जा रहा है। इससे कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्य बोझ पड़ रहा है।



भिवानी। अधिकारी से समस्याओं को लेकर बातचीत करते कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

बिजली कर्मचारियों ने तोशाम में बैठक कर आंदोलन की चेतावनी दी

तोशाम। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन को सुनवाई का उचित अवसर न देने और बिजली क्षेत्र में निजी लाइसेंस देने की जल्दबाजी के खिलाफ हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने कड़ा विरोध जताया है। वीरवार को तोशाम बिजली घर में आपातकालीन बैठक का आयोजन कर आगे की रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान यूनियन नेताओं ने कहा कि आयोग का यह दावा पूरी तरह से गलत है कि एआईपीईएफ ने सुनवाई का लाभ उठाने से मना कर दिया। इस मौके पर रामलाल, उमेश, राजेश पहलवान, राजेश दुल्हेड़ी, मनजीत बुशान, रामअवतार, अजय शर्मा आदि अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

